## कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी, (आई0सी0डी0एस0), प्रतापगढ़

पत्रांक– 1719 /जि0का0अधि0/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांकः ~~अक्टूबर~~ 06-11-, 2025

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2025/3313/58–1–2025–(1917687) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद प्रतापगढ़ के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत् विभागीय वेबसाइट पोर्टल http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवदेन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | परियोजना का नाम | पूर्व चयन प्रक्रिया से आच्छादित आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापगढ़ | आसपुर देवसरा | 1 |
| 2 | | बाबा बेलखर नाथ धाम | 0 |
| 3 | | बाबागंज | 0 |
| 4 | | बिहार | 2 |
| 5 | | गौरा | 0 |
| 6 | | कालाकांकर | 1 |
| 7 | | कुण्डा | 3 |
| 8 | | लक्ष्मणपुर | 1 |
| 9 | | मानधाता | 0 |
| 10 | | मंगरौरा | 1 |
| 11 | | पट्टी | 1 |
| 12 | | शहर स्लम | 0 |
| 13 | | रामपुरखास | 1 |
| 14 | | रापमरु संग्रामगढ़ | 2 |
| 15 | | सदर ग्रामीण | 1 |
| 16 | | सण्डवा चन्द्रिका | 0 |
| 17 | | सांगीपुर | 1 |
| 18 | | शिवगढ़ | 0 |
| TOTAL | | | 15 |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड/बाल विकास परियोजना कार्यालय इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है, साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

**विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–**

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
2. पूर्व के रिक्त पदों आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी एवं मेरिट का निर्धारण इण्टरमीडिएट से परास्नातक के प्राप्तांको के आधार पर किया जायेगा।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा की स्थायी निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्यायपंचायत की स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट आफ तिथि 01 जुलाई, 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर आनलाइन आवेदन फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार होगें। आफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
6. विज्ञप्ति पदों हेतु आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि–28.11.2025 तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**नोट– पोर्टल पर आवेदन करते समय आवेदनकर्ता शासनादेश के प्रावधानो के अनुक्रम में आवदेन पत्र अपलोड करें किसी भी वाद की स्थिति में निर्णय शासनादेश में वर्णित प्रावधानो के अधीन होगा।**

(ज्योति शाक्य)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
प्रतापगढ़।

Scanned with OKEN Scanner